अमृत स्टेशन योजना के अंतर्गत भारतीय रेलवे में स्टेशन पुनर्विकास

मंडी डबवाली स्टेशन पर लगभग 13 करोड़ रुपये से पुनर्विकास कार्य

दिनांक 20.05.2025

माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में अमृत स्टेशन योजना के तहत, 22 मई को देश भर में 103 पुनर्विकसित रेलवे स्टेशनों का उद्‌घाटन किया जा रहा है |इस योजना के अंतर्गत देश भर में 1309 से अधिक रेलवे स्टेशनों का पुनर्विकास और आधुनिकीकरण किया जाएगा ।

इन स्टेशनों में आधुनिक यात्री सुविधाएं जैसे रूफ प्लाजा, सुंदर भूदृश्य, इंटर-मॉडल कनेक्टिविटी, बेहतर आधुनिक मुखौटा, बच्चों के खेल क्षेत्र, कियोस्क, फूड कोर्ट आदि शामिल हैं। इन्हें पर्यावरण के अनुकूल और दिव्यांगजन के लिए भी अनुकूल बनाया जा रहा है। इन स्टेशन भवनों का डिज़ाइन स्थानीय संस्कृति, विरासत और वास्तुकला से प्रेरित है।

अमृत स्टेशन योजना के तहत मंडी डबवाली स्टेशन पर लगभग 13 करोड़ रुपये से पुनर्विकास कार्य किया गया है। मंडी डबवाली हरियाणा के सिरसा जिले का एक ऐतिहासिक और सांस्कृतिक दृष्टि से महत्वपूर्ण शहर है।

मंडी डबवाली कृषि उत्पादों की मंडी के रूप में प्रसिद्‌ध है, जहां किसान अपनी उपज बेचने के लिए आते हैं। इसके अलावा, यहां कृषि उपकरणों, मिल्क चिलिंग, सीड प्रोसेसिंग, राइस शेलिंग, स्ट्रॉ बोर्ड निर्माण, और स्टील फैब्रिकेशन जैसे उद्‌योग भी स्थापित हैं। विशेष रूप से यह शहर जीप मॉडिफिकेशन उद्‌योग के लिए जाना जाता है, जहां देशभर से उपभोक्ता आते हैं।

मंडी डबवाली के पुराने स्टेशन भवन में पर्याप्त स्थान की कमी थी और यात्री सुविधाओं को विकसित करने में कठिनाई हो रही थी। यात्री सुविधाओं में विस्तार करने के लिए अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत स्टेशन बिल्डिंग का नवीनीकरण कर इसमें सुधार किया गया है। स्टेशन पुनर्विकास से अब स्टेशन बिल्डिंग में

पर्याप्त स्थान उपलब्ध हुआ है। मंडी डबवाली स्टेशन पर सर्कुलेटिंग एरिया के सुनियोजित विकास, आगमन और प्रस्थान की बेहतर व्यवस्था और पार्किंग स्पेस में सुधार किया गया है।

अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत मंडी डबवाली रेलवे स्टेशन में निम्नलिखित सुविधाओं में सुधार किया गया है:

- लैंडस्केप के साथ सर्कुलेटिंग एरिया का पुनर्विकास,
- अलग- अलग प्रवेश व निकास द्वार
- पार्किंग एरिया का विकास
- यात्री क्षमता के अनुसार पर्याप्त क्षेत्र में प्रवेश हाल का निर्माण
- कोच इंडिकेशन बोर्ड का प्रावधान
- उन्नत व बेहतर वेटिंग रूम की सुविधा
- स्टेशन बिल्डिंग के आंतरिक व बाहरी भाग में उत्कृष्ट साज-सज्जा के साथ नया स्वरुप प्रदान करना
- नए प्लेटफॉर्म शेल्टर का प्रावधान
- दिव्यांगजन की सुविधा के लिए टॉयलेट्स व वाटर बूथ की सुविधा
- बेहतर साइनेज की सुविधा
- स्टेशन पर उन्नत व बेहतर फर्नीचर की व्यवस्था
- एक प्लेटफॉर्म से दूसरे प्लेटफॉर्म पर जाने के लिए फुट-ओवर ब्रिज का प्रावधान
- पर्यावरण अनुकूल सौर ऊर्जा का उपयोग, दक्ष प्रकाश व्यवस्था, वर्षा जल संचयन प्रणाली का प्रावधान

अमृत स्टेशन योजना भारतीय रेलवे की एक महत्वपूर्ण पहल है, जिसका उद्देश्य बुनियादी ढांचे का आधुनिकीकरण करके लाखों यात्रियों के यात्रा अनुभव को बेहतर बनाना है। इस योजना के तहत आधुनिक यात्री सुविधाओं का निर्माण किया गया है, जैसे सौंदर्यपूर्ण डिज़ाइन वाला स्टेशन भवन, पुनरूत्थान किए गए प्लेटफॉर्म,

सुंदर भूसज्जा आदि। सुगम पहुंच सुनिश्चित करने के लिए सड़कों का चौड़ीकरण, अनावश्यक संरचनाओं को हटाना, अच्छी तरह से डिज़ाइन किए गए साइनेज, समर्पित पैदल पथ, बेहतर पार्किंग सुविधाएँ और उन्नत प्रकाश व्यवस्था पर ध्यान दिया गया है।

****

दीप जॉय/ अहमद